सांवला सलोना मेरा प्यारा रे कन्हैया भजन लिरिक्स

सांवला सलोना मेरा,
प्यारा रे कन्हैया,
ये तो बड़ा चितचोर,
जब भी देखूं इसकी ओर,
ये तो मन बसिया,
मन बसिया,
साँवला सलोना मेरा,
प्यारा रे कन्हैया।bd।

तर्ज – कौन दिशा में लेके।

माखन मिश्री का भोग लगावे,
भक्ता के दिल में ये राज रजावे,
यो तो मुड़कत जावे,
यो तो नैन मटकावे,
मेरा सांवरिया, सांवरिया,
साँवला सलोना मेरा,
प्यारा रे कन्हैया।bd।

गोकुल का ग्वाला ये तो,
प्यारा नंदलाला,
यशोमति मैया का,
राज दुलारा,
ये तो मटकी फोड़े,
ये तो गोपियों को छेड़े,
बड़ा नटखटिया, नटखटिया,
साँवला सलोना मेरा,
प्यारा रे कन्हैया।bd।

बांसुरी की धुन पे ये,
सबको नचावे,
राधा के संग सारी,
गोपियाँ भी नाचे,
ये तो मुरली बजाए,
संग में मोर भी नचाए,
बड़ा जादुगरिया, जादुगरिया,
साँवला सलोना मेरा,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

प्यारा रे कन्हैया।bd।

राधा जी के संग ये तो,
रास रचावे,
मीठी मीठी बातें करके,
सबको भुलावे,
ये तो मोड़े कलईयाँ,
इसकी ले लूँ बलईयाँ,
बड़ा रंगरसिया, रंगरसिया,
साँवला सलोना मेरा,
प्यारा रे कन्हैया।bd।

देवकी के जन्मा इसको,
यशोदा ने पाला,
नंदबाबा का ये तो,
राज दुलारा,
इसकी महिमा चहुँ ओर,
देख 'मधु' इसकी ओर,
हुई बावरिया, बावरिया,
साँवला सलोना मेरा,
प्यारा रे कन्हैया।bd।

सांवला सलोना मेरा,
प्यारा रे कन्हैया,
ये तो बड़ा चितचोर,
जब भी देखूं इसकी ओर,
ये तो मन बसिया,
मन बसिया,
साँवला सलोना मेरा,
प्यारा रे कन्हैया।bd।

Singer – Priyanka Gupta

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com